## एक नजर में

### आज तक रहेगी स्कूलों की छुट्टी

**नवभारत न्यूज खरगापुर। कड़ाके की ठंड और शीतलहर के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने स्कूलों में छुट्टियों की अवधि बढ़ा दी है। अब जिले के नर्सरी से कक्षा आठवीं तक के सभी स्कूल 8 और 9 जनवरी को भी बंद रहेंगे। यह आदेश शासकीय, निजी, सीबीएसई और आईसीएसई सहित सभी बोर्ड के विद्यालयों पर समान रूप से लागू होगा।**

कलेक्टर के अनुसार तापमान में लगातार हो रही गिरावट और बच्चों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है। इससे पहले भी 5 और 6 जनवरी को अवकाश घोषित किया गया था, जिसे अब आगे बढ़ा दिया गया है। टीकमगढ़ में बुधवार को दिन का तापमान 18 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि रात का पारा 7 डिग्री के नीचे बना हुआ है। मौसम विभाग ने अनुमान जताया है कि अगले तीन से चार दिनों तक शीतलहर का प्रकोप इसी तरह जारी रह सकता है। आगामी दिनों में रात का तापमान 6 डिग्री सेल्सियस तक गिरने की संभावना है। प्रशासन ने स्कूलों को आदेश का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए हैं ताकि छोटे बच्चों को इस भीषण ठंड से बचाया जा सके। ठंड और शीतलहर के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने स्कूलों में छुट्टियों की अवधि बढ़ा दी।

# उपचार ले रहे मरीजों को नहीं मिल रहे गर्म कपड़े

**मोहनगढ़ के स्वास्थ्य केन्द्र में अनियमित्ताओं का बोलबाला**

**भर्ती मरीजों को घर से लाना पड़ रहे चादर एवं कंबल**





**नवभारत न्यूज टीकमगढ/मोहनगढ़**

**लगातार जिले में ठंड में बढ़ोतरी हो रही है, दिन में गर्म कपड़े और रात कंबल के बगैर काटना मुश्किल हो गया है। इसे में यदि बात करे सरकारी अस्पतालों की तो प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मोहनगढ़ का आलम यह है कि अस्पताल के वार्डों में अब तक मरीजों को गर्म कंबल तक नहीं दिए गए यहां तक की पलंगों पर बिछाने के लिए चादर तक नहीं दिए गए है। मरीज का आरोप है कि वार्डों में साफ सफाई पर कोई ध्यान नहीं दिया जाता है और ना ही मरीज को पोषण आहार दिया जाता और ना ही भोजन की कोई व्यवस्था है यहां तक की मरीज एवं उनके साथ आने वाले अटेंडर को दूषित पानी पीना पड़ रहा है।**

प्रसव वार्ड तथा सामान्य वार्ड में भर्ती मरीज घर से कंबल व शॉल लाकर अपना काम चला रहे हैं। अस्पतालों में भर्ती मरीजों को जाड़े के दिनों में कंबल, हीटर व गर्म पानी आदि की व्यवस्था अस्पताल प्रबंधन को करनी होती है. लेकिन मोहनगढ़ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के हालात व्यवस्थाओं को लेकर चिंताजनक है। वसनेरा गांव से प्रसूता महिला के साथ में आए परिजन ने बताया कि कल से भर्ती है। मरीज को न तो बिछाने एवं ओढ़ने के गर्म कपड़े दिए गए और ना ही चाय बिस्कुट तथा गर्म पानी यहां तक कि मरीजों को पोषण आहार भी नहीं दिया जा रहा है ।

परिजन ने बताया कि एक ग्लास गर्म पानी के लिए दस रुपये खर्च करना पड़ रहा है। मरीज ठंड से बचने के लिए घर से कंबल लेकर आ रहे हैं या फिर शॉल या बेडशीट ओढ़ कर काम चला रहे हैं। मरीज का आरोप है कि वार्डों में साफ सफाई पर कोई ध्यान नहीं दिया जाता है और ना ही मरीज को पोषण आहार दिया जाता और ना ही भोजन की कोई व्यवस्था है यहां तक की मरीज एवं उनके साथ आने वाले अटेंडर की माने तो अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही के कारण मजबूरी मं मरीजों को अस्पताल का दूषित पानी पीना पड़ रहा है।

### लापरवाही करने वालों पर होगी कार्रवाई

जब इस संबंध में जिला अस्पताल के प्रभारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी ओपी अनुरागी से बात की गई तो उन्होंने कहा आपके द्वारा मुझे इस मामले की जानकारी प्राप्त हुई है यदि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मोहनगढ़ में इस प्रकार की अनियमिताएं बरती जा रही हैं तो पता करवाते हैं। यदि ऐसा होना पाया गया तो लापरवाही करने बालों पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। हालांकि अस्पताल प्रबंधन का प्रयास रहता है कि स्वास्थ्य केन्द्र पर उपचार लेने आ रहे मरीजों को किसी भी प्रकार की कोई परेशानी न हो अगर मोहनगढ़ में ऐसी समस्या आ रही है तो निशचित ही इसका समाधान जल्द से जल्द कराया जाएगा।

### स्टाफ नर्सों के सहारे चल रहा अस्पताल

यदि बात करें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मोहनगढ़ कि तो यहां पर दस्तावेजों में तीन एमबीबीएस डॉक्टर पदस्थ हैं और 10 से 12 लोगों का अन्य स्टाफ है लेकिन हालत यह है कि अस्पताल केवल स्टाफ नर्सो के सहारे संचालक हो रहा है, पदस्थ डॉक्टरों की मनमानी का आलम यह है कि नाथू अस्पताल में जाने का समय निश्चित है और ना ही आने का जिससे मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है इस अस्पताल से लगभग 40 गांव के मरीज उत्तम स्वास्थ्य एवं प्राथमिक उपचार की उम्मीद रखते हैं लेकिन मरीजों की यह उम्मीदें पूर्ण नहीं हो रही है ।जिसके कारण मरीजों को स्वास्थ्य केन्द्र में मिलने वाली सुविधाएं नहीं मिल पा रही है । जिसके चलते मरीज परेशान दिखाई दे रहे है।

# अटैक आने से बुजुर्ग ने तोड़ा दम



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। शीतलहर के बीच बुधवार शाम 79 वर्षीय बुजुर्ग की कोल्ड अटैक से मौत हो गई। सिंधी धर्मशाला निवासी लखीमल सिंधी शाम के समय राजेंद्र पार्क घूमने जा रहे थे, तभी रास्ते में अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई और वह सड़क पर गिर पड़े।**

जिला अस्पताल के डॉक्टर पुष्पेंद्र कुशवाहा ने जांच के बाद बताया कि बुजुर्ग की मौत का मुख्य कारण अत्यधिक ठंड के चलते हृदय गति रुकना कोल्ड अटैक है। घटना सैल सागर चौराहा और कोतवाली के बीच हुई ।परिचितों के अनुसार लखीमल सिंधी हर दिन शाम 5 बजे घूमने के लिए घर से निकलते थे, लेकिन बुधवार को पड़ रही कड़ाके की ठंड उनके लिए जानलेवा साबित हुई। सिविल सर्जन डॉ.अमित शुक्ला ने भी शीतलहर को देखते हुए बुजुर्गों और बच्चों को घरों में रहने की सलाह दी है। जिले में पिछले कई दिनों से भीषण ठंड का दौर जारी है।

टीकमगढ़ में बुधवार को दिन का तापमान 18 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि मंगलवार रात को पारा गिरकर 7.02 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था। मौसम विभाग ने चेतावनी जारी की है कि अगले तीन से चार दिनों तक शीतलहर का असर इसी तरह बना रहेगा, जिससे जनजीवन और अधिक प्रभावित हो सकता है। शीतलहर के बीच बुधवार शाम 79 वर्षीय बुजुर्ग की कोल्ड अटैक से मौत हो गई। सिंधी धर्मशाला निवासी लखीमल सिंधी शाम के समय राजेंद्र पार्क घूमने जा रहे थे, तभी रास्ते में अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई और वह सड़क पर गिर गए जिससे उनकी मौके पर मौत हो गई।

# दिगौड़ा तहसील में एसडीएम कोर्ट का संचालन शुरू, लोगों ने जताई खुशी



**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। दिगौड़ा तहसील में एसडीएम कोर्ट लगाया गया। एसडीएम जतारा संजय कुमार दुबे ने तहसील दिगौड़ा श्रीमती प्राची जैन तथा संबंधित कर्मचारियों के साथ तहसील दिगौड़ा में एसडीएम कोर्ट लगाकर स्थानीयजनों की राजस्व संबंधित समस्याओं को सुना तथा निराकरण करने के निर्देश दिये।**

दिगौड़ा तहसील में एसडीएम कोर्ट लगने पर स्थानीयजनों ने जिला प्रशासन को धन्यवाद दिया। साथ ही उन्होंने कहा कि दिगौड़ा में एसडीएम कोर्ट लगने से समय एवं धन की बचत होगी। साथ ही आरसीएमएस के प्रकरणों का दिगौड़ा तहसील में ही निराकरण हो सकेगा। तदनुसार कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने दिगौड़ा तहसील के भ्रमण के दौरान नगरवासियों द्वारा की गई मांग पर हर बुधवार को दिगौड़ा तहसील में एसडीएम कोर्ट लगाने के निर्देश दिये गये। श्री श्रोत्रिय के निर्देशों के परिपालन में तहसील दिगौड़ा में एसडीम कोर्ट लगाया गया। दिगौड़ा तहसील में एसडीएम कोर्ट लगाया गया। एसडीएम जतारा संजय कुमार दुबे ने तहसील दिगौड़ा श्रीमती प्राची जैन तथा संबंधित कर्मचारियों के साथ तहसील दिगौड़ा में एसडीएम कोर्ट लगाकर स्थानीयजनों की राजस्व संबंधित समस्याओं को सुना तथा निराकरण करने के निर्देश दिये। दरअसल कलेक्टर बीते दिनों दिगौड़ा के विकास के लिए दौरा करने पहुंचे थे। उस समय लोगों से एसडीएम कोर्ट लगने पर स्थानीयजनों से विचार विमर्श किया गया था।

## मच्छरों के प्रकोप से लोग परेशान

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। शहर में इन दिनों मच्छरों का प्रकोप दिनोंदिन बढ़ता जा रहा है। लोगों ने मच्छरों से बचाव के लिए नालियों में दवा छिड़काव की मांग की है।**

दरअसल सर्दी का मौसम होने के कारण लोग इन दिनों पंखा, कूलर का उपयोग नहीं कर पा रहे हैं। जिसके कारण लोगों को मच्छरों का शिकार होना पड़ रहा है। मच्छरों के बढ़ते प्रकोप से लोगों में मलेरिया जैसी घातक बीमारी की आशंका बनी हुई है। स्थानीय नागरिकों ने नालियों एवं गंदे स्थानों पर कीटनाशक दवा छिड़काव की मुांग की है।

# लोगों को नहीं मिल रही कड़ाके की ठंड से राहत



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। शीतलहर का प्रकोप जारी है, जिससे जनजीवन प्रभावित हो रहा है। गुरुवार सुबह भी घना कोहरा छाया रहा। बुधवार को दिन का तापमान 20 डिग्री से घटकर 18 डिग्री पर पहुंच गया, जबकि रात का पारा 7.5 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार, फिलहाल ठंड से राहत मिलने की उम्मीद नहीं है।**

भू-अभिलेख कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार, रविवार को अधिकतम तापमान 17.4 डिग्री और न्यूनतम तापमान 6.7 डिग्री रिकॉर्ड किया गया था। सोमवार को अधिकतम तापमान 19.5 डिग्री और न्यूनतम तापमान 6.8 डिग्री रहा, जबकि मंगलवार को अधिकतम तापमान 20.6 डिग्री और न्यूनतम तापमान 7.2 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने अगले तीन से चार दिनों तक लगातार सर्द हवाओं का दौर जारी रहने का अनुमान जताया है। इसके चलते दिन का तापमान 18 से 20 डिग्री के बीच और रात का तापमान 6 से 7 डिग्री के बीच रहने की संभावना है।

## भूमि आवंटन से खुले रोजगार के अवसर

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। मध्यप्रदेश शासन द्वारा टीकमगढ़ जिले में स्थित विभागीय औद्योगिक क्षेत्र सुनौरा खिरिया में 5 रिक्त औद्योगिक भूखंडों के आवंटन के लिए एक जनवरी की सुबह 11 बजे से 15 जनवरी को अपराह्न 5 बजे तक एक्सप्रेशन ऑफ इन्टरेस्ट आमंत्रित किए गए है। भूमि आवंटित होने से रोजगार के अवसर मिलेंगे।**

प्रक्रिया अंतर्गत प्रत्येक भूखंड के लिए आवेदन शुल्क 5 हजार रूपये होगा। आवेदन शुल्क वापसी योग्य नहीं होगा। आवेदन शुल्क के अतिरिक्त आवेदित भूमि के लिए आवेदन दिनांक को प्रचलित प्रव्याजीकी 25 प्रतिशत अग्रिम राशि पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन जमा करनी होगी। भूखंडों का आवंटन मध्यप्रदेश एमएसएमई को औद्योगिक भूमि तथा भवन आवंटन एवं प्रबंधन के प्रावधानों अनुसार किया जाएगा।

# तकनीक के तहत बगैर जुताई के कराई गेहूं की बुवाई



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। कृषि विज्ञान केंद्र टीकमगढ़ के बारे में प्रधान वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. बीएस किरार, के मार्गदर्शन में डॉ. आरके प्रजापति, डॉ. आईडी सिंह एवं जयपाल छिगारहा द्वारा जलवायु समुत्थानुशील कृषि में नवाचार परियोजना अंतर्गत अंगीकृत ग्राम कोड़िया का विगत दिवस भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान पाया गया कि अंगीकृत ग्राम में प्रदर्शन गेहूँ की बिना जुताई के सीधा वुबाई कराई गई थी शून्य जुताई मशीन से एक एकड़ में 40 किलोग्राम बीज का उपयोग करके 20 क्विंटल उपज एक एकड़ में प्राप्त किया। साथ ही 2500-3000 रूपये जो खर्चा खेत के तैयार करके बुवाई में लगता है, जिससे बचत लागत में कमी आई। इस विधि में खेत में खरपतवार भी कम खर्चे पर नियंत्रण होता है।**

शून्य जुताई विधि से सीधे बुवाई करने पर जड़ों का विकास अच्छा होता है और फ़सल मार्च अप्रैल में तेज हवा के साथ गिरने से बचती है।

शून्य जुताई विधि से बुवाई द्वारा मिट्टी की भौतिक रासायनिक और जैविक दशाओं में सुधार होता है। शून्य जताई आने वाले भविष्य में खेती में अपने से हम उपज, पर्यावरण का संरक्षण आदि कर सकेंगे। चने की उक्टा रोग प्रतिरोधी किस्म जैसे जेजी-24 एवं आरव्हीजी-204 आदि किस्मों की कतार में बुवाई कराई गई जिससे फसल में संतुलित सूर्य का प्रकाश एवं हवा का प्रवाह होता है। इसी प्रकार सरसों की पीएम-32 किस्म जो कम पानी, उच्च उपज एवं उच्च तापमान प्रतिरोधी है की कतार में बुवाई की गई जिससे प्रति पौधा शाखाओ की संख्या अधिक होने से उपज में भी ब्रद्धि होती है। प्रति एकड़ उत्पादन बढ़ाने के लिए किसानों को सबसे पहले फसल में निंदा प्रबंधन का कार्य करना चाहिए।

# क्षेत्र का दौरा करने निकले कांग्रेस के विधायक

**लाखों के कार्यों का किया क्षेत्रों में लोकार्पण**

**गांव-गांव जाकर किसानों की फसलों का लिया जायजा**



**नवभारत न्यूज मोहनगढ़। कड़कड़ाती ठंड और कुछ दिनों से चल रही शीत लहर के साथ धुंध के कारण कही कही किसानों की फसले नुकसान की कगार है जिसकी चिंता करते हुए गुरुवार को कांग्रेस के क्षेत्रीय विधायक नितेंद्र सिंह राठौर विधानसभा क्षेत्र दौरे पर रहे, इस दौरान उन्होंने गांव-गांव जाकर किसानों की फसलों का जायजा लिया तो वहीं लोगों का हाल चाल जाना।**

इसके बाद क्षेत्रीय विधायक नितेंद्र सिंह राठौर जतारा जनपद की ग्राम पंचायत केशवगढ़ पहुंचे जहां पर उन्होंने खुद की निधि से 10 लाख के विकास कार्यों का निर्माण किया जिसमें 4 लाख की लागत से बनने वाले निर्माणाधीन सामुदायिक भवन के साथ सीसी रोड एवं चबूतरा निमार्ण कार्यो लोकार्पण कर जनता को समर्पित किए। उन्होंने कहा प्रदेश सरकार की विपक्षी क्षेत्र में विकास को लेकर मनसा ठीक नहीं है, फिर भी पृथ्वीपुर विधानसभा क्षेत्र में विकास को लेकर कोई कमी नहीं आएगी, निरंतर विकास के कार्यों की रफ्तार बढ़ाई जा रही है बस अंतर यह है कि हम दूसरों की तरह दिखावा और वह वाही लूटने में पीछे है। केशवगढ़ के विकास के लिए सरपंच प्रतिनिधि पुष्पेंद्र जैन ने एक मांग पत्र सौंपा जिसे कुछ हद तक पूरा किए जाने का जनता को भरोसा दिया। अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत गुरूवार को कांग्रेस के क्षेत्रीय विधायक नितेंद्र सिंह राठौर विधानसभा क्षेत्र दौरे पर रहे। जहां विधायक ने ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर लोगों से संवाद किया इस दौरान लोगों की समस्याओं को सुनकर विधायक ने निराकरण का लोगों को भरोसा दिलाया । इसके साथ ही उन्होनें विधायक निधि से चल रहे विकास कार्यो को समय सीमा में पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

### विधायक के साथ यह रहे उपस्थित

गुरूवार को कांग्रेस के क्षेत्रीय विधायक नितेंद्र सिंह राठौर विधानसभा क्षेत्र दौरे पर रहे। इस दौरान विधायक राठौर के साथ केशवगढ़ सरपंच श्रीमती शशि जैन, मोहनगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष संतोष केवट,सरपंच भज्जू चतुर्वेदी, नरेंद दांगी, यूथ कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष राजा गोर, संजय कसकर, आई टी सेल जिला अध्यक्ष सौरभ अहिरवार, सरपंच प्रतिनिधि पुष्पेंद्र जैन के साथ ग्रामीण सैकड़ों की संख्या में उपस्थित रहे।

**बैठक** | **प्रस्तावित 5 निजी कॉलोनियों के लंबित प्रकरणों पर की चर्चा**

# वैध कॉलोनियों के विकास के प्राप्त प्रस्तावों को अनुमति देने किया परीक्षण



**नवभारत न्यूज मोहनगढ़। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय की अध्यक्षता में जिला कॉलोनी सेल की बैठक आयोजित की गई। बैठक में वैध कॉलोनियों के विकास के प्राप्त प्रस्तावों को विकास अनुमति देने के संबंध में परीक्षण किया गया एवं प्रस्तावित 5 निजी कॉलोनियों के लंबित प्रकरणों पर विस्तार से चर्चा की गई।**

बैठक में हरेंद्र प्रताप सिंह ने अपनी फर्म वासुदेव टाउन फेस-1 ग्राम तखा ग्रामीण क्षेत्र की कॉलोनी के संबंध में प्रेजेंटेशन के माध्यम से संबंधित अधिकारियों को जानकारी दी गई एवं वैध कॉलोनी के निर्माण में उनके द्वारा अपनाए गए सभी मापदंडों को साझा किया गया। बैठक में कलेक्टर द्वारा जानकारी दी गई कि वैध कॉलोनी के सभी नियम जैसे कॉलोनाइजर के रूप में रजिस्ट्री प्राधिकरण, कॉलोनी विकास अनुज्ञा, अनापत्ति प्रमाण पत्र, टीएनसीपी से लेआउट सैंक्शन कराकर टीएनसीपी की एनओसी, ईडब्ल्यूएस के लिए भूखंड आरक्षण उपबंधों की नियमानुसार पूर्ति आदि सभी दस्तावेजों के गाइडलाइन के अनुसार सही पाए जाने पर विकास अनुमति का निर्णय लिया जाता है। जिला कॉलोनी सेल प्रभारी अधिकारी एवं एसडीएम टीकमगढ़ श्रीमती संस्कृति मुदित लटौरिया ने बताया कि सभी कॉलोनाइजर्स चेकलिस्ट के अनुरूप रिक्तता की पूर्ति करें पूर्ति उपरांत प्रस्तावों के सही पाए जाने पर निर्णय लिया जाएगा। कलेक्टर श्री श्रोत्रिय ने बताया कि नियमों के अनुरूप विकास, अनुमतियां और सेवाएं मिलने वाली कॉलोनियों में ही निवेश सुरक्षित माना जाता है।

इसीलिए सभी नगरवासियों से अपील है कि केवल वैध कॉलोनी में ही निवेश करें। अवैध कॉलोनी में प्लॉट लेने पर ना तो नामांतरण होगा ना ही बैंक से लोन मिलेगा। वैध कॉलोनी में ही निवेश करें ताकि भविष्य में परेशान न होना पड़े। बैठक में कलेक्टर श्री श्रोत्रिय ने स्पष्ट किया कि भविष्य में शहर के विकास, विस्तार एवं मांग को देखते हुए कॉलोनियों के विकास में शासन के नियमों एवं मानकों का कड़ाई से पालन किया जाये एवं विकास का मास्टर प्लान टीएनसीपी की गाइडलाइन के अनुरूप हो जिससे नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकें और शहर के लिए एक बेहतर टाउन प्लान बने। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वैध कॉलोनी निर्माण नगर विकास की प्राथमिकता है अत: कालोनाइजर्स के अनुमतियों में विलंब न हो।

### बैठक में इनकी रही मौजूदगी

इस अवसर पर जिला कॉलोनी विकास प्रभारी अधिकारी एवं एसडीएम टीकमगढ़ श्रीमती संस्कृति मुदित लटौरिया, डिप्टी कलेक्टर सुश्री अंजली शर्मा एवं निशांत भूरिया, पीओ डूडा सुश्री शिवी उपाध्याय, मुख्य नगर पालिका टीकमगढ़ सीएमओ ओमपाल सिंह भदौरिया, कॉलोनाइजर्स हरेंद्र प्रताप सिंह, शहीद खान, नरेंद्र कुमार जैन, अमित भास्कर, संतोष यादव सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## शासकीय विभागों के अवकाश घोषित

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के आदेशानुसार मप्र शासन सामान्य प्रशासन विभाग की अधिसूचना एवं सामान्य पुस्तक परिपत्र भाग 2 के अनुक्रमांक 4 के तहत वर्ष 2026 में टीकमगढ़ जिले के लिये स्थानीय अवकाश घोषित किये हैं।**

तदनुसार 14 जनवरी 2026 बुधवार को मकर संक्रांति, 5 मार्च 2026 गुरूवार को भाई दूज होली तथा 11 नवम्बर 2026 बुधवार को भाई दोज दीपावली को स्थानीय अवकाश रहेगा। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के आदेशानुसार म.प्र.शासन सामान्य प्रशासन विभाग की अधिसूचना एवं सामान्य पुस्तक परिपत्र भाग 2 के अनुक्रमांक 4 के तहत वर्ष 2026 में टीकमगढ़ जिले के लिये स्थानीय अवकाश घोषित किये हैं।

# आज लगेगा आईटीआई में मेला

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। शासकीय आईटीआई टीकमगढ़ में 9 जनवरी 2026 को प्रात: 10 बजे से जेके टायर एण्ड इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमि मुरैना द्वारा कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन किया जा रहा है। इस कैंपस प्लेसमेंट में समस्त व्यवसाय के आईटीआई उत्तीर्ण एवं अंतिम वर्ष में अध्ययनरत प्रशिक्षणार्थी तथा पॉलिटेक्निक उत्तीर्ण सभी व्यवसाय अभ्यर्थी सम्मिलित हो सकते हैं। अभ्यर्थियों की आयु सीमा 18 से 30 वर्ष निर्धारित है।**

चयनित अभ्यर्थियों को प्रथम वर्ष प्रशिक्षण अवधि के दौरान 12,500 से 15,500 रूपये प्रतिमाह मानदेय देय होगा। एक वर्ष पूर्ण होने के पश्चात आईटीआई अभ्यर्थियों को 20,690 रूपये प्रतिमाह एवं डिप्लोमा अभ्यर्थियों को 21,000 रूपये प्रतिमाह मानदेय प्रदान किया जाएगा। कंपनी द्वारा कैंटीन सुविधा एवं कंपनी आने-जाने हेतु वाहन सुविधा नि:शुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित तिथि एवं समय पर शासकीय आईटीआई टीकमगढ़ में उपस्थित होकर इस रोजगार अवसर का लाभ उठा सकते हैं। अधिक जानकारी हेतु मनोज विश्वकर्मा प्रशिक्षण अधिकारी के मोबाइल नंबर पर संपर्क किया जा सकता है। शासकीय आईटीआई में 9 जनवरी 2026 को प्रात: 10 बजे से जेके टायर एण्ड इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमि मुरैना द्वारा कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन किया जा रहा है। इस कैंपस प्लेसमेंट में समस्त व्यवसाय के आईटीआई उत्तीर्ण एवं अंतिम वर्ष में अध्ययनरत प्रशिक्षणार्थी तथा पॉलिटेक्निक उत्तीर्ण सभी व्यवसाय अभ्यर्थी सम्मिलित हो सकते हैं। अभ्यर्थियों की आयु सीमा 18 से 30 वर्ष निर्धारित है। आज लगने वाले रोजगार मेला को लेकर संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया है।